तेरे भरोसे हम तो सांवरे | by Sanjeev Kumar (Hansi)

तेरे भरोसे हम तो सांवरे तेरे भरोसे चलता दम
तू ही है साँसों का साथी तेरे लिए मैं करूँ करम
तेरे भरोसे हम तो सांवरे...........

करता करम गौ की सेवा जिससे तू प्रसन्न होता
तुझको पाने का ये सबसे है बड़ा हंसी मौका
जिसमे छवि तुम्हारी सांवरे उसको मानु तेरा परम
तेरे भरोसे हम तो सांवरे...........

करता करम गरीब की सेवा जो फिरता सड़कों पर रोता
करता दान दया मैं उस पर जिसका यहाँ कोई ना होता
देता तू संकेत जो मुझको है वही तो मेरा धरम
तेरे भरोसे हम तो सांवरे...........

करूँ भजन मैं तेरा लिख कर जिसकी तू हिम्मत देता
मुझको चरणों में जगह दो और नहीं मैं कुछ लेता
तुम सा ना कोई देखा सांवरे चाहूंगा तुमको हर दम
तेरे भरोसे हम तो सांवरे...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-sanjeev-kumar-hans/